_42

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–320/2025 3074 /पटना, दिनांक– 11.3.26

संवेदक **Shri Balaji Enterprises, Prop-Sushil Kumar (Registration No. 1230274) At-Moldiya Tola Pipar Tar Mokamah, Patna Bihar Pincode 803302** को कार्य प्रमंडल, बाढ़ के अधीन **MR (3054)** योजनान्तर्गत पैजना से कड़डा पथ निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः– **10/MBD/2023-24** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 15.03.2024 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 14.12.2024 था।

संदर्भित पथ के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संबंधित संवेदक द्वारा पथ का निर्माण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बाढ़ द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य किये जाने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बाढ़ के सकारण आदेश ज्ञापांक 1114 दिनांक 24.06.2025 द्वारा एकरारनामा संख्याः–**10/MBD/2023-24** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 12580 दिनांक 13.12.2025 द्वारा संवेदक **Shri Balaji Enterprises, Prop-Sushil Kumar (Registration No. 1230274)** से स्पष्टीकरण की माँग की गयी।

तद्‌लोक में संवेदक द्वारा दिनांक 29.12.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए अनुरोध किया गया कि कालीकरण की कार्रवाई बिहार पब्लिक वर्क्स कॉन्ट्रेक्ट डिस्प्यूट आर्बिट्रेशन, ट्रिब्युनल, पटना में दायर रैफरेन्स वाद संख्याः–32/2025 का निस्पादन होने तक स्थगित रखा जाय।

तदनुसार विभागीय समीक्षोपरान्त संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए संवेदक को कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु निर्णय लिया गया।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक **Shri Balaji Enterprises, Prop-Sushil Kumar (Registration No. 1230274) At-Moldiya Tola Pipar Tar Mokamah, Patna Bihar Pincode 803302** के निबंधन संख्याः–**1230274, PAN No. EXCPK4171D** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(ह0) 10.03.2026
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–320/2025 3074 /पटना, दिनांक– 11.3.26

प्रतिलिपि–संवेदक **Shri Balaji Enterprises, Prop-Sushil Kumar (Registration No. 1230274) At-Moldiya Tola Pipar Tar Mokamah, Patna Bihar Pincode 803302** को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह0) 10.03.2026
अभियंता प्रमुख

P.T.O

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–320 / 2025 3074 / पटना, दिनांक– 11·3·26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10·03·2026
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–320 / 2025 3074 / पटना, दिनांक–11·3·26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10·03·2026
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–320 / 2025 3074 / पटना, दिनांक– 11·3·26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10·03·2026
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–320 / 2025 3074 / पटना, दिनांक– 11·3·26

ebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

10·03·2026
अभियंता प्रमुख